भारत स्काउट एवं गाइड, मध्यप्रदेश राज्य मुख्यालय,
शांति मार्ग, श्यामला हिल्स, भोपाल

Phone.: 2661263,2737446 Fax: 2737446 Website:www.bsgmp.net E_mail:bsgmadhyapradesh@gmail.com

क्र0 / 2817 / रा0मु0 / गतिविधि / 2015 भोपाल, दिनांक 30/6/15

प्रति,

संचालक
महर्षि विश्व शांति आन्दोलन
राष्ट्रीय कार्यालय ?
एम.सी.ई.ई.कैम्पस, लाम्बाखेडा, बैरासिया मार्ग,
भोपाल (म.प्र.)

विषय :— **प्रदेश के समस्त महर्षि विधालयों मे स्काउट—गाइड गतिविधि संचालन कराने हेतु निर्देश जारी करने विषयक।**

सन्दर्भ :— म.प्र.शासन के निर्देशानुसार ।

----000---

विषयांर्तगत लेख है कि प्रदेश के समस्त महर्षि विधालयों में स्काउट—गाइड की गतिविधियां संचालन करने के लिए आपके विधालयों में छात्र—छात्राओं का एक स्काउट एवं एक गाइड के दल का गठन कर स्काउटिंग—गाइडडिंग गतिविधि संचालित कराई जावें क्योंकि —

स्काउटिंग क्या है ?

1. बालक—बालिक के सम्पर्ण विकास हेतु शैक्षणिक खेल है।
2. चारित्रिक, मानसिक, बौद्धिक व शारीरिक हेतु क्रमबद्ध प्रशिक्षणीय योजना है।
3. वर्तमान पर्यावरण व परिवेश में सामाजिक मूल्यों के साथ बाहरी जीवन शिक्षा का व्यवहारिक प्रणाली है।
4. युवाओं के आयु समूह एवं मनोवैज्ञानिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु एक आकर्षण कार्यक्रम है।
5. युवाओं के लिए सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास एवं आदर्श नागरिक बनाने हेतु विश्व स्तरीय बृहद युवा आन्दोलन है।
6. स्काउटिंग शिक्षा की सहगामी क्रिया—कलापों में सहज सुलभ व सर्वव्यापी कार्यक्रम एवं जीवन जीने की कला है।

स्काउटिंग क्यों ?

स्काउटिंग के नियम एवं प्रतिज्ञाओं पर आधारित मूल्यों के माध्यम से नवयुवकों / नवयुवतियों की शिक्षा में योगदान करते हुये ऐसे विश्व का निर्माण करना है, जहॉ प्रत्येक व्यक्ति स्वावलंबी हो तथा समाज में अपनी रचनात्मक भूमिका का निर्वाह कर सके।

स्काउटिंग—गाइडिंग नवयुवकों / नवयुवतियों के नैतिक, चारित्रिक, बौद्धिक एवं ऊर्जावान बनाने हेतु साहसिक गतिविधियॉ, ट्रेकिंग, हाईकिंग, पर्वतारोहण, शिलारोहण, केम्पिंग, नौकायान, तैराकी, सामुदायिक सेवा योजना, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों में प्रतिभागिता तथा अपनी कला, संस्कृति से जुडे रहकर स्वयं के सर्वागीण विकास हेतु सुनारिकता की शिक्षा के अवसर प्रदान करती है इसलिये स्काउटिंग—गाइडिंग में सम्मिलित होना प्रत्येक युवक / युवातियो की प्रथम आवश्यकता है।

इस सन्दर्भ में दिनांक 27.04.2015 को महर्षि विधा मंदिर छतरपुर में स्काउट एवं गाइड गतिविधियों के संचालन का शुभारंभ प्रदेश के मान. राज्य मुख्य आयुक्त श्री जितेन्द्र सिंह बुन्देला पूर्व सांसद के मुख्य आतिथ्य में 350 छात्र–छात्राओं (स्काउट–गाइड) द्वारा दीक्षा संस्कार कार्यक्रम आयोजित कराया गया। इस गतिविधि के माध्यम से बच्चों का सर्वागीण विकास, सुनागरिकता की शिक्षा के साथ–साथ महामहिम राज्यपाल एवं महामहिम राष्ट्रपति महोदय से स्काउट–गाइड को समय–समय पर सम्मानित कराया जाने का भी प्रावधान है।

अतः मेरा अनुरोध है कि आप अपने प्रदेश के विधालयों में इन गतिविधियों का सुचारू रूप से शुभारंभ करावें एवं इसके लिए लगने वाली यूनीफार्म एवं साहित्य हमारे राज्य मुख्यालय, भारत स्काउट एवं गाइड म.प्र. श्यामला हिल्स, शांति मार्ग भोपाल में विक्रय केन्द्र पर उपलब्ध है जिसका विवरण संलग्न ब्रोशर अनुसार है। महषि विधा मंदिर छतरपुर में आयोजित कार्यक्रम का विवरण एवं छायाचित्र हमारी मासिक पत्रिका बालचर--रवि में भी प्रकाशित किया गया है। निवेदन है कि आप अपने महर्षि विधालयों को स्काउटिंग–गाइडिंग गतिविधियों से जोडने हेतु जानकारी से अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्न :– जानकारी हेतु 02 जानकारी प्रपत्र

राज्य सचिव
भारत स्काउट एवं गाइड म.प्र.

पृ0क्र0 /2818/ रा0मु0 / गतिविधि / 2015 भोपाल, दिनांक 30/6/15

प्रतिलिपि :– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. प्राचार्य, महर्षि विधा मंदिर...।

राज्य सचिव
भारत स्काउट एवं गाइड म.प्र.